अमर उजाला 06/02/2026

स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के एनएसएस यूनिट की ओर से खुड्डा कलां गांव में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। योग सत्र में आयुष विभाग की टीम ने योग व जुंबा करवाया। विद्यार्थियों ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ नीरू अग्रवाल, योग सहायक कुसुम धमीजा, परमजीत ने स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों को योग करवाया। गांव में स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को बालिकाओं की शिक्षा के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। संवाद